सीएसआई-एसआईजी का ई-गवर्नेंस अवार्ड

चर्चा में क्यों?

23 अप्रैल, 2022 को प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित 19वाँ सीएसआई-एसआईजी अवार्ड समारोह में छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को सीएसआई-एसआईजी ई-गवर्नेंस अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ राज्य को यह अवार्ड स्कूली बच्चों के आंकलन एवं अभ्यास कार्य को आसान बनाने के लिये लागू टेली-प्रेक्टीज के लिये रिकग्निशन कैटेगरी में प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के आकलन एवं अभ्यास कार्य को आसान बनाने तथा आकलन की प्रक्रियाओं में आमतौर पर होने वाली विसंगतियों को दूर करने हेतु राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से टेली-प्रेक्टीज नामक कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।
- इसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को टेलीग्राम में एक समूह बनाकर कार्य करना होता है। बच्चों के समक्ष प्रश्न आते-जाते हैं, जिनका बिना समय गँवाए बच्चों को जवाब देना होता है। प्रत्येक बच्चे के ई-जवाब का अपनेआप अलग-अलग वीडियो बन जाता है। इन वीडियो को बाद में शिक्षक देखकर बच्चों का आकलन कर सकते हैं।
- टेली-प्रेक्टीज कार्यक्रम पूर्णत: छत्तीसगढ़ में एनआईसी छत्तीसगढ़ के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है। इसमें उपयोग में लाए जाने वाले प्रश्न भी यहाँ के शिक्षक ही तैयार करते हैं।
- विभिन्न संस्थाओं ने राज्य में प्रचलित टेली-प्रेक्टीस को देखा है और उन्हें बच्चों के अभ्यास एवं शिक्षकों के आकलन संबंधी कार्यों को आसान करने हेतु उपयोगी पाया है।
- उल्लेखनीय है कि सीएसआई एसआईजी ई-गवर्नेंस अवार्ड प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है, जो कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्वश्रेष्ठ ई-गवर्नेंस में किये गए नवाचारों को स्वीकार करने के लिये दिया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/csi-sig-e-governance-award-1